# छत्तीसगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लॉन्च होगा एफजीआर पोर्टल

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों और कार्यक्रमों को देखते हुए केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा 'किसान शिकायत निवारण पोर्टल' (एफजीआर) को छत्तीसगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लॉन्च करने का निर्णय लिया गया है। यह पोर्टल 21 जुलाई, 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लॉन्च किया जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के कृषि उत्पादन आयुक्त को कृषि विभाग के अधिकारियों सहित कृषक प्रतिनिधियों, किसानों एवं पंचायतों के पदाधिकारी की ऑनलाइन भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें शॉर्ट कोड 14447 से अवगत कराने का निर्देश दिया गया है।
- गौरतलब है कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा देशभर के किसानों की खेती-किसानी संबंधी, विशेषकर फसल बीमा से संबंधित शिकायतों के निदान के लिये किसान शिकायत निवारण पोर्टल (एफजीआर) तैयार किया गया है।
- इस पोर्टल को फिलहाल केंद्र सरकार द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में छत्तीसगढ़ में लागू किया जा रहा है, जिसके परिणाम को देखते हुए बाद में पूरे देश में लागू किया जाएगा।
- कृषि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ का चयन प्रधानमंत्री फसल बीमा के क्रियान्वयन में राज्य की बेहतर परफॉर्मेंस और बीमा दावा राशि के भुगतान में देश का अग्रणी राज्य होने की वजह से किया गया।
- केंद्रीय कृषि मंत्रालय छत्तीसगढ़ में किसानों के पंजीयन, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सहित राजीव गांधी न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना आदि के लिये तैयार किये गए एकीकृत किसान पोर्टल के उल्लेखनीय परिणामों को देखते हुए एफजीआर के बीटा वर्जन की शुरुआत छत्तीसगढ़ से करने जा रहा है।
- एफजीआर पोर्टल के माध्यम से किसान अपनी खेती-किसानी, विशेषकर फसल बीमा से संबंधित समस्याओं का निदान प्राप्त कर सकेंगे। किसानों द्वारा टेलीफोन अथवा मोबाइल के माध्यम से बताई गई समस्याएँ एवं शिकायतें इस पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज होंगी, जिसके निदान की सूचना उन्हें ऑनलाइन प्राप्त होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/fgr-portal-to-be-launched-in-chhattisgarh